चिरन्तन मानव की वेदतत्त्वानुगता सहास्तित्वकामना—

अग्नि प्रथमो वसुभिर्नो अव्यात्—
सोमो रुद्रेभिरभिरक्षतु त्मना ।
इन्द्रो मरुद्भिर्ऋतुधा कृणोतु—
आदित्यैर्नो वरुणः सं शिशातु ॥१॥

सं नो देवो वसुभिरग्नि—
सं सोमस्तनूभी रुद्रियाभि ।
समिन्द्रो मरुद्भिर्यज्ञियै —
समादित्यैर्नो वरुणो अजिज्ञपत् ॥२॥

यथादित्या वसुभिः संबभूवु—
मरुद्भी रुद्राः समजानताभि ।
एवा त्रिणामन्नहृणीयमाना—
विश्वेदेवा समनसो भवन्तु ॥
—चिरन्तनसूक्त्यः

—•—

लेखक—मोतीलालशर्म्मा भारद्वाज
प्रकाशक—राजस्थानवैदिकतत्त्वशोधसंस्थान जयपुर
मुद्रक—श्री बालचन्द्रयन्त्रालय दुर्गापुरा (जयपुर)

(मूल्य ८)

श्री

वेद का स्वरूपविचार

(अपौरुषेय–शाब्दिक–वेद के सम्बन्ध में एक स्वतन्त्र चिन्तन)

[लेखक—मोतीलालशर्म्मा-वेदवीथीपथिक-
मानवाश्रम-दुर्गापुरा, (जयपुर)]

प्रकाशक-श्रीराजस्थानवैदिकतत्त्वशोधसंस्थान-
मानवाश्रम दुर्गापुरा जयपुर

मुद्रक—श्रीबालचन्द्रयन्त्रालय, मानवाश्रम
दुर्गापुरा, जयपुर

प्रथमबार१००० प्रति

मूल्य २)

तात्त्विक वेद का माङ्गलिक संस्मरण

ऋचां प्राची महती दिगुच्यते—
दक्षिणामाहुर्यजुषामपाराम् ।
अथर्वणामङ्गिरसां प्रतीची—
साम्नामुदीची महती दिगुच्यते ॥१॥
ऋग्भिः पूर्वाह्णे दिवि देव ईयते—
यजुर्वेदे तिष्ठति मध्ये अह्नः ।
सामवेदेनास्तमये महीयते—
वेदैरशून्यस्त्रिभिरेति सूर्यः ॥२॥
ऋग्भ्यो जातां सर्वशो मूर्तिमाहुः—
सर्वा गतिर्याजुषी हैव शश्वत् ।
सर्वं तेजः सामरूप्यं ह शश्वत्—
सर्वं हीदं ब्रह्मणा हैव सृष्टम् ॥३॥

—तैत्तिरीयब्राह्मण १२।९।१, २।

—❀—

राजस्थानवैदिकतत्त्वशोधसंस्थान–मानवाश्रमानुबन्धि–ज्ञानसत्त्रानुगत किञ्चिदिव-प्रावेदनम्

'राजस्थानवैदिकतत्त्वशोधसंस्थान'-मानवाश्रम दुर्गापुरा (जयपुर) में विगत वर्ष से 'षाण्मासिक-ज्ञानसत्रों' का अनुष्ठान प्रक्रान्त है। जिसमें सुप्रसिद्ध साहित्यसेवी संस्कृतिनिष्ठ माननीय डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल महाभाग की विशेष प्रेरणा से तत्तत्प्रान्तों के वेदनिष्ठ अनेक विद्वान् भी समय समय पर पधारते रहे हैं। प्रथम ज्ञानसत्र में अन्यान्य विषयों के प्रस्ताव-विमर्श के साथ सहसा 'वेद का स्वरूप-विचार' नामक प्रश्न को लेकर कई एक प्रश्न हमारे सम्मुख उपस्थित हुए, जिनका यथाशक्य समाधान करने की चेष्टा हुई।

मन्त्रब्राह्मणात्मक वेदशास्त्र भारतवर्ष का मौलिक निधि है इसमें कोई सन्देह नहीं। भारतजाति का समस्त आचारकलाप-धर्म, ज्ञान उपासना, विज्ञान दर्शननीति समाजनीति राष्ट्रनीति अन्तर्राष्ट्रीयनीति, आदि आदि सभी कुछ इस मौलिक साहित्य के मौलिक तत्त्वों के आधार पर ही व्यवस्थित हैं। यह सबकुछ होने पर भी विगत कई एक शताब्दियों से वेदार्थ के सम्बन्ध में अनेक प्रकार के ऊहापोह, अनेक प्रकार की समस्यायें हमारे सम्मुख उपस्थित होती रहीं हैं। विगत शताब्दियों में वेद के जितने भी भाष्यकार भारतीय प्रज्ञा के सम्मुख

व्यवस्थापकों ने अनेक बार इस सम्बन्ध में कुछ लेखन का हमसे आग्रह किया। निरन्तर एक वर्ष तक इस सम्बन्ध में अपने आपको असमर्थ पाते हुए हम उन्हें सन्तुष्ट न कर सके। किन्तु उनके धाराबाहिकरूप से प्रकान्त आग्रह के कारण अन्ततोगत्वा 'वेद का स्वरूप विचार' इस विषय को लेकर सम्भवतः हमें दो-तीन वक्तृतायें वहाँ देनी पड़ीं।

डॉ० वासुदेवशरण महाभाग की ऐसी इच्छा थी कि, "हम इस विषय का एक स्वतन्त्र वक्तव्यरूप से संकलन कर लें एवं सर्वसाधारण के सामने वेद का स्वरूप-परिचय इस दृष्टि से उपस्थित कर दें कि, वेद के स्वरूप के सम्बन्ध में जो आज नए प्रकार के विविध प्रकार के ऊहापोह प्रक्रान्त हैं उनके प्रति भारतीय प्रजायें जागरूक बन कर किसी तथ्य का अन्वेषण करें, और अपने सर्वस्वभूत इस मौलिक वैदिक साहित्य के अध्ययनाध्यापन में प्रवृत्त हों। एकमात्र इसी उद्देश्य से आकाशवाणी (जयपुर के केन्द्र) में प्रसारित उन वक्तव्यों का संक्षिप्त स्वरूप-परिचय 'वेद का स्वरूप-परिचय' नाम से रेकार्ड किया गया, वही वेदप्रेमियों के सम्मुख उपस्थित हो रहा है। अस्तताम्! श्रुत्वा चाप्यवधार्यताम्॥

विनेय—

मिती–माघशुक्लपञ्चमी
वि॰ सं॰ २०१

मोतीलाल शर्म्मा
आङ्गिरसो भारद्वाज वेदवीथी-पथिक
मानवाश्रम-दुर्गापुरा (जयपुर)
राजस्थान

श्री

वेद का स्वरूप-विचार

नि षु सीद गणपते ! गणेषु त्वामाहुर्विप्रतमं कवीनाम् ॥
न ऋते त्वत् क्रियते किञ्चनारे महामर्कं मघवञ्चित्रमर्च ॥१॥

—ऋक्संहिता १०।११२।९।

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्धः, एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः ॥
एकैवोषाः सर्वमिदं विभाति, “एकं वा इदं वि बभूव सर्वम् ॥२॥

—ऋक्संहिता ८।५८।२।

वाचं देवा उपजीवन्ति विश्वे, वाचं गन्धर्वाः, पशवो मनुष्याः ।
वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता सा नो हवं जुषतामिन्द्रपत्नी ॥३॥

—तैत्तिरीयब्राह्मण २।८।८।४।

वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य वेदानां माता, अमृतस्य नाभिः ।
सा नो जुषाणोपयज्ञमागादवन्ती देवी सुहवा मेऽस्तु ॥४॥

—तैत्तिरीयब्राह्मण २।८।८।५

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ॥
तं ह देव–‘मात्मबुद्धिप्रकाशं’ मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥५॥

—श्वेताश्वतरोपनिषद् ६।१८

अग्निर्जागार-तमृचः कामयन्ते ।
अग्निर्जागार-तमु सामानि यन्ति ॥
अग्निर्जागार-तमयं सोम आह–
तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः ॥६॥

—ऋक्संहिता ५।४४।१५।

ॐ

वेद का स्वरूप-विचार

नि षु सीद गणपते गणेषु त्वामाहुर्विप्रतमं कवीनाम् ॥
न ऋते त्वत् क्रियते किं चनारे महामर्कं मघवञ्चित्रमर्च ॥१॥
—ऋक्संहिता १०।११२।९

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः ॥
एकैवोषाः सर्वमिदं विभाति 'एकं वा इदं वि बभूव सर्वम् ॥२॥
—ऋक्संहिता ८।५८।२

वाचं देवा उपजीवन्ति विश्वे, वाचं गन्धर्वाः, पशवो मनुष्याः ।
वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता सा नो हवं जुषतामिन्द्रपत्नी ॥३॥
—तैत्तिरीयब्राह्मण २।८।८।४

वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य वेदानां माता, अमृतस्य नाभिः ।
सा नो जुषाणोपयज्ञमागादवन्ती देवी सुहवा मेऽस्तु ॥४॥
—तैत्तिरीयब्राह्मण २।८।८।५

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ॥
तं ह देव-'मात्मबुद्धिप्रकाशं' मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥५॥
—श्वेताश्वतरोपनिषद् ६।१८

अग्निर्जागार-तमृचः कामयन्ते ।
अग्निर्जागार-तमु सामानि यन्ति ॥
अग्निर्जागार-तमयं सोम आह-
तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः ॥६॥
—ऋक्संहिता ५।४४।१५

सहस्रधा पञ्चदशान्युक्था यावद्द्यावापृथिवी तावदित्तत् ॥
सहस्रधा महिमानः सहस्रं यावद्ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक् ॥
—ऋक्संहिता १०।११४।८

प्राक्कर्म्मोदयतो हि यस्य मिथिलादेशे शरीरोदयः ।
श्रीमिश्रमेशदयोदयाच्च समभूत् काश्यां सुमित्रोदयः ॥
राज्ञा प्रीत्युदयादभूज्जयपुरे सम्पत्तिमाम्योदय ।
सिद्धस्वन्मधुसूदनाय गुरवे नित्यं प्रणामोदय ॥८॥

यत्र प्रदस्या विषया पुरातना यत्र प्रकारोऽभिनवः प्रदर्शने ॥
यत्र प्रमाणं श्रुतयः सयुक्तयस्तत् ब्रह्मविज्ञानमिदं विमृश्यताम् ॥
—श्रीगुरुचरणमूर्तिः

चराचर जगत् के अधिष्ठाता औपनिषद पुरुष की प्राप्ति के अनेक उपायों शास्त्रों में उपवर्णित हैं। वे ही उपाय अधिकारी वर्ग के भेद से शास्त्रों में क्रम कर्म्म, भक्ति, योग ज्ञान उपासना आदि विविध नामों से प्रसिद्ध हैं। शुद्ध कर्म्म कर्म्ममार्ग है शुद्ध ज्ञानमार्ग ज्ञानमार्ग है। ज्ञानयुक्त कर्म्ममार्ग भक्तिमार्ग है कर्म्मयुक्त ज्ञानमार्ग योगमार्ग है। इस योगमार्ग के राजयोग मन्त्रयोग, हठयोग लययोग आदि अनेक अवान्तर विभेद हैं। विविध भावापन्न योग के किसी मार्ग के आश्रय से आरुरुक्षु योगी सिद्धावस्था को प्राप्त होता हुआ उस औपनिषद पुरुष के साथ क्रमशः सालोक्य, सामीप्य सारूप्य भाव को प्राप्त करता हुआ अन्ततः सायुज्यभाव का अधिकारी बन जाया करता है।

इस वेदान्तपुरुष में अपने जीवात्मा को समर्पित कर देने वाला योगी 'वैदर्षि' नाम से प्रसिद्ध हुआ है। आज वेदान्तपुरुष से तन्मय रहने वाले वेदान्तपुरुष से अभिन्न (ऐसा) वैदिकभेद उसी ब्रह्म की महती विभूति वेद को एक बना कर 'वेद का स्वरूप विचार' इस (विराट) माध्यम से वैदिक प्रकार

जिज्ञासु महामाया महानुभावों के सम्मुख वेद के सम्बन्ध में (हम) दो शब्द निवेदन करेंगे।

'वेदाद्धर्मो हि निर्बभौ'–'वेद एव द्विजातीनां निःश्रेयसकरः परः'–'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्'–'सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति'–ये हैं विदितवेदितव्य, अधिगतयाथातथ्य आप्त महामहर्षियों की वेदराशि के प्रति श्रद्धाञ्जलियाँ। क्या सचमुच वेदपुरुष का ऐसा उच्च आसन है?, क्या सचमुच सम्पूर्ण धर्मों की आश्रयभूमि वेद है?, क्या वेद से ही सब कुछ सिद्ध हुआ है?, इन सब प्रश्नों का यथार्थ समाधान तब तक कदापि सम्भव नहीं है, जब तक कि वेद के वास्तविक स्वरूप को हृदयङ्गम नहीं कर लिया जाता। जो वेद के वास्तविक तात्त्विक स्वरूप को नहीं जानता, इसकी मौलिक परिभाषाओं के साथ अपनी प्रज्ञा का समन्वय नहीं कर लेता, हमारी धारणा है कि 'न स वेद, न स वेद'। अर्थात् उसने वेद के स्वरूप के सम्बन्ध में कुछ भी नहीं जाना, कुछ भी नहीं जाना। ज्ञान ही तो वेद का स्वरूप है। वेद ही तो ज्ञान है। जब वेद का तात्पर्य विदित नहीं, तो ज्ञान कैसा? ज्ञान नहीं, तो अज्ञान का विनाश कैसा?। हमारा यह काल्पनिक अनुमानमात्र ही नहीं, अपितु ध्रुव निश्चय है कि, आज भारतीय आर्यजाति की जो दयनीया दुरवस्था हो रही है उसके अन्यान्य कारणों में से इस वैदिक साहित्य के प्रचार का अभाव भी एक कारण माना जा सकता है। 'ब्राह्मणेन निष्कारणः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च' क्या इस अनुशासन का आज हमारी दृष्टि में कोई मूल्य रह गया है? क्या—

> योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् ।
> स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वय ॥

इस मन्वादेश का हम कुछ मूल्य समझ रहे हैं?। नहीं, सर्वथा नहीं। व्याकरण–न्याय–ज्योतिष–साहित्य–दर्शन आदि इतर शास्त्रों का आज सर्वत्र सम्मान है। मानों व्यवस्थास्थ ही आज सम्राट् बने हुए हैं। वेदसम्राट् वेदसम्राट् तो आज सम्मानभागी का भी अधिकारी नहीं रह गया है। वेद आज विद्वानों की दृष्टि में केवल अर्चनीय प्रतिमा बना हुआ है। वेद में क्या है? वेद को आप्त पुरुषों

भाग वेदान्त नाम से प्रसिद्ध हुआ है। प्रसिद्ध उपनिषद् के वेदान्त व्यवहार का कारण और माना जा सकता है। विधिस्वरूप कर्मकाण्ड के प्रतिपादक ब्राह्मण में जिन विधियों का उल्लेख है उनका समन्वय करना साधारण मनुष्यों के लिए कठिन है। कितने ही विधिवचन एक दूसरे से विरुद्ध प्रतीत होते हैं। इनका समन्वय करने के लिये 'पूर्वमीमांसा' का आविर्भाव हुआ। द्वादशलक्षणी से प्रसिद्ध 'पूर्वमीमांसा' नामक दर्शन वेद के विधिभाग का यथावत् समन्वय करता वही अवस्था उपासनाप्रतिपादक आरण्यक भाग की है। इसके समन्वय के लिये 'शाण्डिल्यदर्शन' का जन्म हुआ है। एवं ज्ञानकाण्डप्रतिपादक तीसरे उपनिषद् भाग के समन्वय के लिये 'उत्तरमीमांसा' नाम से प्रसिद्ध वेदान्तदर्शन का आविर्भाव हुआ है। वेदादेश का चरम लक्ष्य ज्ञानप्राप्ति है। अतः ज्ञान ही वेदान्त उसी की उपनिषदों में प्रधानता है। इसलिये उपनिषदों को भी वेदान्त शब्द से व्यवहृत करना न्यायप्राप्त है। इसप्रकार पूर्वमीमांसा (जैमिनिदर्शन) मध्यमीमांसा (शाण्डिल्यदर्शन), एवं उत्तरमीमांसा (व्यासदर्शन), इन तीनों दर्शनों से क्रमशः कर्मप्रधान ब्राह्मण, उपासनाप्रधान आरण्यक एवं ज्ञानप्रधान उपनिषद्–रूप से युक्त भाग–पशु–काम–अधर्म भिन्न–भिन्न वेदचतुष्टयी आर्यसन्तान की मर्यादा है। इतर शास्त्रों के आदेशों पर आर्यसन्तान ऊहापोह कर सकती है। ५

● 'मन्त्रब्राह्मणात्मक वेदपुरुष के आदेश पर न इसे कभी संदेह हुआ न भविष्य में होगा। कहना न होगा कि, आर्यजाति की दृष्टि में वेद अपौरुषेय है। वह ईश्वर की वाणी है। ईश्वर का निःश्वास है। ईश्वर साक्षात् वेदमूर्ति है। हम अज्ञात् महानुभावों से निवेदन कर देना चाहते हैं कि वेद के उपर्युक्त स्वरूप वास्तव में यद्यपि हम भी सहमत हैं। तथापि विचारपूर्वक श्रद्धा करना श्रेयस्कर माना गया है। क्योंकि तत्त्वशून्या गतानुगतिका श्रद्धा अन्तःकरण मानव लिए हानिकर ही देखी देखी गई है। हम इन श्रद्धालुओं से वेद के स्वरूप तथा निम्नलिखित प्रश्न करने की धृष्टता कर सकते हैं।

● मन्त्रभागवत् ब्राह्मणभाग (ब्राह्मण आरण्यक-उपनिषद्) भी श्रुति ही वेद है इस विषय का विशद विवेचन उपनिषद्भाष्यभूमिका के 'क्या उपनिषद् वेद है।' इस प्रकरण में द्रष्टव्य है।

१—यदि उपलब्ध संहिता—ब्राह्मणात्मक पुस्तकरूप में उपलब्ध अक्षर-अक्षर-परानुपूर्वी से अविच्छिन्न शब्दात्मक वेद ही अपौरुषेय एवं नित्य है, तो 'बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे' वैशेषिक दर्शन से सम्बन्ध रखने वाले इस कणाद सिद्धान्त का क्या महत्त्व है ?।

२—पुस्तकात्मक वेद ही यदि नित्य, एवं अकृतक हैं तो—

'शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धश्च पञ्चमः ।
वेदादेव प्रसूयन्ते प्रसूतिगुणकर्मतः' ॥ (मनु)

इस मानवीय वचन का क्या समन्वय है ?।

यदेतन्मण्डलं तपति—तन्महदुक्थम्, ता ऋचः, स ऋचां लोकः । यदेतदर्चिर्दीप्यते—तन्महाव्रतम्, तानि सामानि, स साम्नां लोकः । अथ य एष एतस्मिन् मण्डले पुरुषः—सोऽग्निः । तानि यजूंषि । स यजुषां लोकः । सैषा त्रय्येव विद्या तपति ।

—शत० ब्रा० १०।५।२।१ २।

अर्थात्—यह जो सूर्य्य का मण्डल हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं उसका नाम महदुक्थ है। इसी का नाम ऋचायें हैं यही ऋचाओं का लोक है । यह जो आलोकमण्डल अर्चिमण्डल से प्रकाशित हो रहा है यही महाव्रत है उसी को साम कहते हैं एवं यही सामों का लोक है। एवं इस मण्डल के केन्द्र में जो पुरुष है—वही अग्नि है उसी को यजुः कहा जाता है यही यजुओं का लोक है । 'सैषा त्रय्येव विद्या तपति' । सूर्य्य क्या तप रहा है, मानो त्रयीविद्या तप रही है । तद्धैतदविद्वांस आहुः, त्रयी वा एषा विद्या तपतीति । विशेष विद्वानों की बात क्या, साधारण व्यक्ति भी कम से कम यह भलीभांति जानते हैं कि—सूर्य क्या है, तीनों विद्याओं का कोश है ।

क्या इत्यादि लोकसमाज सिद्धान्तों का आप वेदमन्त्रों के माध्यम से समाधान करेंगे ? । क्या वेदपुस्तक से रूप-रस-गन्धादि पञ्चतन्मात्रायें उत्पन्न हुई हैं ?।

प्रपञ्च जीवित है । यह सब का आलम्बन है । अतएव उस की पाँचों कलाएं कोशात्मक नाम से व्यवहृत हुई हैं । कलाद्वयभेदेन यह सब का आलम्बन है । इस आलम्बनविज्ञान को आधार बना कर भगवान ने कहा है —

> मत्त परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जय ।
> मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥
>
> गीता ७।७।

यह स्मरणीय है कि गीता का आत्मस्वरूप अव्ययपुरुष का ही वाचक है। आनन्द विज्ञान मन, प्राण वाङ्मय अव्ययपुरुष 'सच्चिदानन्दघन' है। यह ईश्वरानन्दमय वेदस्वरूप में परिणत होकर ही सर्वत्र व्याप्त रहता है। ब्रह्म वेद दोनों अभिन्न हैं । आनन्दविज्ञानघनमनः-प्राणगर्भिता अव्ययवाक् ही अग्नीषोमा है। स्वस्वरूप से अव्ययात्मा सर्वथा एकरस रहता हुआ भी उपाधि भेद से 'विद्या-वेद-ब्रह्म'- इन तीन रूपों में परिणत हो रहा है । प्रातिस्विक दृष्टि से ब्रह्म विद्या, वेद तीनों पृथक् पृथक् प्रतीत हो रहे हैं । पृथक् पृथक् हैं भी किन्तु अव्यय की दृष्टि से तीनों अभिन्न हैं एकरूप हैं । यही कारण है कि तत् स्थलों में 'त्रयं ब्रह्म सनातनम्' (मनु)–'त्रयो वेदा' सैषा त्रयीविद्या तपति इत्यादि रूप से ऋषि तीनों का अभेदरूप से व्यवहार कर रहे हैं । प्रथम हम इन तीनों का ही संक्षिप्त स्वरूप आपके समक्ष उपस्थित करते जा रहे हैं ।

अध्यात्मजगत् में तीनों का साक्षात्कार कीजिए । ज्ञानकर्म्ममय अव्यय का प्रभूत हम में अर्थात जीवात्मा में ज्ञान-कर्म्म दोनों भाव प्रतिष्ठित हैं । आप सब का किसने दोनों भाव स्वयं अनुभूत हैं । हम कुछ जानते हैं अथवा कुछ करते हैं । ज्ञान-कर्म्म के अतिरिक्त 'अहं' मे और क्या शेष रह जाता है ? ज्ञानतत्त्व नित्य है अस्तमान है । अतएव एकरूप इसे 'अमृत' कहा जा सकता है । प्रतिक्षण विभक्त विकार भावात्मक दूसरे शब्दों में अव्यक्त व्यक्त-अव्यक्त कर्म्म अनित्य है सान्त है नानाभावात्मक है । अतएव इसे मृत्यु कहा जा सकता है ।

अन्तरं मृत्योरमृतं मृत्यावमृत आहितम् ।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्य बाह्यतः ॥

के अनुसार अमृतरूप ज्ञान मृत्युरूप कर्म्म में अन्तरान्तरीभावसम्बन्ध से प्रतिष्ठित है। कर्म्म ज्ञान में अनुस्यूत है एवं ज्ञान कर्म्म में अनुस्यूत है। यही कारण है कि, बिना ज्ञान के प्राप्त कोई भी कर्म्म नहीं कर सकते। साथ ही बिना कर्म्म के ज्ञान-सम्पत्ति भी प्राप्त नहीं की जा सकती। दोनों में परस्पर उपकार्य-उपकारकता है। दोनों में आधाराधेयभाव सम्बन्ध नहीं है अपितु अन्तरान्तरीभाव सम्बन्ध है। यदवच्छेदेन ज्ञान प्रतिष्ठित है तदवच्छेदेनैव कर्म्म व्यवस्थित है। क्या ज्ञप्ति में क्रिया है अथवा क्रिया में ज्ञप्ति है दूसरे शब्दों में ज्ञप्ति क्या क्रिया का आधार ज्ञप्ति है, अथवा ज्ञप्ति क्रिया का आधार है? यह प्रश्न सर्वथा असमाधेय है। दोनों कहने को दो हैं वैसे एक है। केवल भाति दो हैं। दोनों की समष्टि ही ओङ्कार (ईश्वर) है। दोनों की व्यष्टि ही अहं (जीवात्मा) है एवं दोनों की समष्टि ही 'अहङ्कार (विश्व) है। विश्वोपनिषद् अहं—अहङ्कार है जीवोपनिषद् अहं है एवं ईश्वरोपनिषद् 'ओम्' है। अहङ्कार विश्वस्वरूप का परिभाषक है अहङ्कार जीवस्वरूप का परिभाषक है एवं ओङ्कार ईश्वरस्वरूप का परिभाषक है। तीनों ही ज्ञानकर्म्म रूप हैं। इसी रहस्य को लक्ष्य में रख कर जीवात्मरक्षण-सम्पादिका वाग्धारा से अवच्छिन्न योगेश्वर भगवान् कृष्ण ने कहा है—

अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन ।
(गीता ९।१९)

ज्ञानकर्ममय आत्मा का ज्ञान शब्द-विषय-संस्कार भेद से तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में हमें तीन ही प्रकार का ज्ञान उपलब्ध होता है। एक ही ज्ञानतत्त्व शब्द-विषय एवं संस्कार इन तीन पृथक् पृथक् उपाधियों से संश्लिष्ट—समन्वित होकर वैसा विभक्त हो जाया करता है। घट, पट, देवदत्त यज्ञदत्त सूर्य, चन्द्र ग्रह नक्षत्र ओषधि वनस्पति, आदि शब्दों के सुनने से आत्मा में (मानसतन्त्र में) तदर्थपरक ज्ञान का उदय हो पड़ता है।

प्रपञ्च बीचित है । यह सब का आलम्बन है । अतएव उस की पाँचों कलायें कोशात्मक नाम से व्यवहृत हुई हैं । कलासम्बन्धेन यह सब का आलम्बन है । इसी आलम्बनविज्ञान को आधार बना कर भगवान् ने कहा है —

मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जय ।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ॥

गीता ७।७।

यह स्मरणीय है कि गीता का अव्ययस्वरूप अव्ययपुरुष का ही वाचक है । आनन्द विज्ञान मन प्राण वाङ्मय अव्ययपुरुष 'सच्चिदानन्दघन' है । यह सच्चिदानन्दब्रह्म वेदस्वरूप में परिणत होकर ही सर्वत्र व्याप्त होता है । ब्रह्म-वेद दोनों अभिन्न हैं । आनन्दविज्ञानघनमना-प्राणगर्भिता अव्ययवाक् ही त्रयीविद्या है । स्वस्वरूप से अव्ययब्रह्म सर्वथा एकरस रहता हुआ भी उपाधि-भेद से 'विद्या-वेद-ब्रह्म'-इन तीन रूपों में परिणत हो रहा है । प्रातिस्विक दृष्टि से ब्रह्म विद्या वेद तीनों पृथक् पृथक् प्रतीत हो रहे हैं । पृथक् पृथक् हैं भी । किन्तु अव्यय की दृष्टि से तीनों अभिन्न हैं एकरूप हैं । यही कारण है कि कतिपय स्थलों में 'त्रयं ब्रह्म सनातनम्' (मनु)-'त्रयो वेदाः सैषा त्रयीविद्या तपति' इत्यादिरूप से श्रुति तीनों का अभेदरूप से व्यवहार कर रहे हैं । प्रथम हम इन तीनों का ही संक्षिप्त स्वरूप आपके समक्ष उपस्थित करने जा रहे हैं ।

अध्यात्मजगत् में तीनों का साक्षात्कार कीजिए । ज्ञानकर्ममय अव्यय के अंशभूत हम में अर्थात् जीवात्मा में ज्ञान-कर्म दोनों भाव प्रतिष्ठित हैं । आपके आप में दिखते दोनों भाव स्पष्ट अनुभूत हैं । हम कुछ जानते हैं, अथवा तो कुछ करते हैं । ज्ञान-कर्म के अतिरिक्त 'अहं' में और क्या शेष रह जाता है !! ज्ञानतत्त्व नित्य है अमृतघन है । अतएव एकरूप इसे 'अमृत' कहा जा सकता है । प्रतिक्षण विनश्वर विपरीत स्वभावापन्न दूसरे शब्दों में सापेक्ष व्यक्त-अव्यक्तात्मक कर्म अनित्य है असत् है नानाभावात्मक है । अतएव इसे 'मृत्यु' कहा जा सकता है ।

वेद सच्चिदानन्दघन ब्रह्मपरमेश्वर के निःश्वास हैं, यह पूर्व में निवेदन किया जा चुका है। सत्ता अस्तित्व है। अस्तित्व का ज्ञान चित् है। जिसका अस्तित्व है तथा जिसका परिज्ञान है वही तीसरा तत्त्व रस, अर्थात् आनन्द है। वस्तु की उपलब्धि अर्थात् प्राप्ति ही वेद है। दूसरे शब्दों में उपलब्ध पदार्थ ही वेदतत्त्व है। इस उपलब्धि में सत्, चित्, रस, तीनों अंश विद्यमान हैं। आप एक पुस्तक उपलब्ध करते हैं। पुस्तक है—आप उसे जानते हैं' इस वाक्य में '(१) पुस्तक–(२) है–(३) जानते हैं' ये तीन अंश हैं। यह 'पुस्तक' रस है 'है' सत्ता है 'जानते हैं' यह चित् है। तीनों के समन्वय से पुस्तकोपलब्धि का स्वरूप निष्पन्न होता है। यही वेद है। वेद में तीनों हैं। अतएव वेदपदार्थ का 'विद्यते इति वेदः' 'वेत्ति इति वेदः' 'विन्दति इति वा वेदः' तीनों प्रकार से निर्वचन किया जा सकता है किया गया है। सत्तार्थक विद् धातु से विद्यते' बनता है ज्ञानार्थक विद् धातु से 'वेत्ति' बनता है एवं लाभार्थक विद् धातु से 'विन्दति' बनता है। 'विद्यते' सत्तामात्र का द्योतक है 'वेत्ति' विज्ञानमात्र का द्योतक है एवं 'विन्दति' रसमात्रसमर्पक है। तीनों की समष्टि वेद है। यही सच्चिदानन्दब्रह्म है। प्रत्येक पदार्थ सच्चिदानन्द है। प्रत्येक पदार्थ वेद है। तभी तो राजर्षि मनु ने स्पष्ट शब्दों में यह घोषणा कर दी है कि—

> चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक्।
> भूतं भव्यं भवच्चैव सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति ॥
>
> —मनु

यह वेदतत्त्व ब्रह्मनिःश्वसितवेद गायत्रीमात्रिकवेद ब्रह्मस्वेदवेद, यज्ञमात्रिकवेद छन्दोवेद विज्ञानवेद रसवेद, उपलब्धिवेद, अक्षयामृतवेद, मह्युक्थवेद ऋग्विवेद पुरुषवेद आदि भेद से अनन्त मार्गों में विभक्त है। हम आरम्भ में ही निवेदन कर चुके हैं कि विनोद की सामग्रीमूलक इत्यम्भूत की वार्ताएँ 'वेद का स्वरूप' जैसे स्वाध्यायानुगत विषय के सम्बन्ध में यथार्थ समाधान करने में सक्षम नहीं हैं। तथापि विशेष आग्रह के कारण उक्त वेदस्वरूपों में से केवल 'यज्ञमात्रिकवेद' स्वरूप का ही संक्षिप्त स्वरूप–परिचय श्रोताओं के समक्ष उपस्थित करने की चेष्टा की जा रही है। यज्ञमात्रिक वेदस्वरूपनिरूपण

'गौ' शब्द सुनते ही अन्तरात्मा में गौ पदार्थ सन्निविष्ट हो जाता है। इसी को शब्दावच्छिन्न ज्ञान कहा जायगा। जिस प्रकार शब्द सुनने से ज्ञान होता है, उसी प्रकार विषयदर्शन से भी ज्ञान होता है। घट, वस्त्र, पुस्तक, गृह आदि पदार्थों (विषयों) के साथ चक्षुरिन्द्रिय के सम्बन्ध होने से तत्तत् पदार्थों के रूपों का सौररश्मिप्रतिफलन के माध्यम से चक्षु पर आगमन होने के कारण तत्तद्विषयक ज्ञान का उदय माना गया है। यही ज्ञान 'विषयावच्छिन्न ज्ञान' नाम से प्रसिद्ध है। शब्द सुनने से तथा पदार्थदर्शन से जो तात्कालिक ज्ञान उदित हुआ है वह श्रद्धा (सोम) रसमय, सर्वेन्द्रियाधिष्ठाता प्रज्ञान मन पर कालान्तर में व्यवस्थित हो जाया करता है। वह भावना कहलाया है। कर्मजनित संस्कार आत्मा में बस जाने के कारण 'वसति आत्मनि' इस निर्वचन से 'वासना' नाम से प्रसिद्ध है। शब्दकर्म विषयकर्म ज्ञानकर्म से उत्पन्न भावना-वासनात्मक संस्कार आत्मा में चिरकाल के लिये प्रतिष्ठित हो जाता है। यही संस्कार आगे जाकर 'स्मृति' का जनक बना करता है। निश्चित है कि यदि मानवीय प्रज्ञानमन किसी एक विषय पर कुछ काल पर्यन्त सुदृढ बन जाता है तो उस संस्कार से अपने आत्मा के अन्तर्याम सम्बन्ध के द्वारा संस्कृत पदार्थ के साथ दृढ़ बन्धन से समन्वित करता हुआ यही मन अपने प्रज्ञानमय इन्द्र के द्वारा पुनः पुनः उसी विषय की ओर अनुधावन करता रहता है जैसा कि—

ओकःसारी वा इन्द्रः। यत्र वा एष इन्द्रः पूर्वं गच्छति,
एव तत्रापरं गच्छति। (ऐ० ब्रा० ३।१७।२२) इत्यादि वैदिक
सिद्धान्त से स्पष्ट है।

शब्द सुनते ही किंवा विषय देखते ही जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह तत्काल तिरोहित हो जाया करता है। केवल संस्कार रह जाता है। निरन्तर शब्द सुनिए। यदि संस्कार नहीं, तो सब व्यर्थ। बस यही तीसरा संस्कारावच्छिन्न ज्ञान है। उपर्युक्त तीनों ज्ञान वेद-ब्रह्म-विद्या नामों से प्रकृत रूप में व्यवहृत हुए हैं। शब्दावच्छिन्न ज्ञान वेद है। विषयावच्छिन्न ज्ञान ब्रह्म है। तथा संस्कारावच्छिन्न ज्ञान विद्या है। प्रकृत में वेदपदार्थ निरूपणीय है। अतः उसी की ओर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है।

दन विग्, शुद्ध-मात्रात्मक दिव्य-वीर-पशु-मृग्-भावमय अग्नि इन्द्र, विश्वेदेव पूषा नामक चार वर्णदेवताओं का विकास हुआ है, वही मौलिक तत्त्व मौलिकवेद है। जिस मौलिक तत्त्वत्रयात्मक पर अग्निमय पृथिवीलोक, वायुमय अन्तरिक्षलोक, आदित्यमय द्युलोक, तथा आपोमय चतुर्थलोक का वितान हुआ है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है।

जिस मौलिक तत्त्व के सहयोग से विराकसित अरपरमाणु संयकम में परिणत होते हुए 'मूर्ति (पिण्ड) भाव में आ जाते हैं वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिन मौलिक तत्त्व के अनुग्रह से मूर्तिभावापन्न (पिण्डात्मक) पदार्थों में आदान विसर्गात्मक गतिभाव का सञ्चार हुआ करता है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक उक्थतत्त्व अपने वृहत्स्य अर्क (रश्मि) भावों के वितान से मूर्तिभावापन्न पदार्थों की आभ्यन्तर मायमूर्ति को केन्द्र बनाते हुए वही पुरक्त विम्बमण्डल में अपना एक स्वतन्त्र तेजोमण्डल बनाने में समर्थ होता है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिन मौलिक तत्त्व के आश्रय से एकांशु सूर्य सहस्रांशु बनता हुआ अनन्तांशु बन रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व अपने तत्त्वबल प्रभाव से 'भूरि' नाम से प्रसिद्ध होता हुआ तत्पुरुषपुरुषात्मक प्रजापति का आत्मनाला बन रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व केन्द्र-विष्कम्भ-परिणाह-भावों में परिणत होता हुआ पिण्डों का स्वरूपसंरक्षक बन रहा है वही मौलिक तत्त्व मौलिकवेद है।

जो मौलिक तत्त्व प्रस्ताव, उद्गीथ निधन-भावों में परिणत होता हुआ वस्तुभाव के उपक्रम मध्य, उपसंहार-भावों का प्रवर्तक बन रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व उक्थ, ब्रह्म सामरूप से पदार्थमात्र का प्रभव प्रतिष्ठा, परायण बनता हुआ आत्मा बन रहा है, वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व हृदयरूप आयतन, परायतन-रूपों में परिणत होता हुआ पदार्थमात्र की स्वरूप के वितान का कारण बन रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व पार्थिव रथन्तर, मौपलभावों का अभिमान

से पूर्व सामान्यरूप से वेद के उस पारिभाषिक चिरन्तन इतिवृत्त का दो शब्दों में दिग्दर्शन करा दिया जाता है, जिस चिरन्तन इतिवृत्त का महर्षि भरद्वाज के अविद्याभिमूलक 'अनन्तावेद' से सम्बन्ध है। प्रकृतम् । अस्य वाक्यवाम्यर्थाम्

महामायावच्छिन्न सर्वेश्वर, स्रष्टा सर्वधर्मोपपन्न प्रजापति जिस तत्त्व के सहयोग से विश्वनिर्माण में समर्थ हुए हैं उसी तत्त्व का नाम 'मौलिकवेद' है। जिस तत्त्व के सहयोग से प्रजापति यज्ञवितान में समर्थ होते हैं वही तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस तत्त्व के आधार पर प्रजापति प्रजासृष्टिविधान-द्वारा अपने 'प्रजापति' नाम को सार्थक करते हैं वही तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस तत्त्व के आधार पर सर्वज्ञ प्रजापति त्रैलोक्य में अपनी ज्ञानकला का प्रसार करते हैं वही तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस तत्त्व से सर्वशक्तिमान् प्रजापति रोदसी ब्रह्माण्ड में अपनी क्रिया का विस्तार करते हैं वही तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस तत्त्वानुगति से सर्ववित् (सर्वार्थपन) प्रजापति सर्वप्रपञ्च के अध्यक्ष बने हुए हैं, वही तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस प्रतिष्ठातत्त्व के आधार पर प्रजापति स्वयं, अतएव प्रतिष्ठा-शून्य आपोमय समुद्र के गर्भ में प्रविष्ट होकर प्रतिष्ठित होते हैं वही प्रतिष्ठातत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो प्रतिष्ठातत्त्व स्वयम्भूपरमेष्ठिसूर्यात्मक त्रिपर्व प्रजापति को प्रतिष्ठा प्रदान करता है वही प्रतिष्ठातत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस प्रतिष्ठातत्त्व के आधार पर गुणभूत, अणुभूत, रेणुभूत, महाभूत, सत्त्वभूत, इन पाँच भूतवर्गों का विकास होता है वही प्रतिष्ठातत्त्व 'मौलिकवेद' है।

जिस प्रतिष्ठातत्त्व को आधार बना कर प्रजापति 'विज्ञान' लक्षण चित्तिभाव से युक्त हो रहे हैं, ज्ञानात्मक ज्ञानघनसमर्थक वही प्रतिष्ठाभाव 'मौलिकवेद' है। जिसे प्रतिष्ठा बना कर प्रजापति 'चेति' लक्षण चिद्भाव से युक्त हो रहे हैं, चिदात्मक चिद्घनसमर्थक वही प्रतिष्ठाभाव 'मौलिकवेद' है। जिसके सहयोग से प्रजापति 'विभूति' लक्षण रसभाव (आनन्द) से युक्त हो रहे हैं, रसात्मक, रसघनसमर्थक वही प्रतिष्ठाभाव 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्त्व से सर्व-व्यापक वाग्मय के भूत-वर्तमान-भविष्यत्, ये तीन त्रैकालिक लक्षण हो जाते हैं वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्त्व के आधार पर ब्रह्म

न यास्या-कर्मों का उपादान बना हुआ है, वही मौलिक तत्व 'मौलिक है। जिस मौलिक तत्व ने अपने ऋतभाव से प्राणाग्नि को होमकर्म का ार्यों से प्राणवायु का आध्वर्यवकर्म का एवं स्तोमभाव से प्राणादित्य को गानकर्म का अध्यक्ष बना रक्खा है वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' है। मौलिक तत्व ने प्रातःसवन के द्वारा गायत्री का माध्यन्दिनसवन के द्वारा ष्टुप् का एवं, सायंसवन के द्वारा जगती का नियन्त्रण कर इन नियन्त्रित छन्दों द्वारा सप्रम्पिराण् सहित प्राणदेवताओं का नियन्त्रण कर रक्खा है वही तत्व 'मौलिकवेद' है।

जिस मौलिक तत्व ने अपने अपान-व्यान-समान-रूप में परिणत होते : अपानद्वारा बस्तिगुहा का व्यानद्वारा उदरगुहा का एवं समानद्वारा उरोगुहा का न्त्रण कर हमारी अध्यात्मसंस्थाओं को सुव्यवस्थित बना रक्खा है, वही मौलिक व 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्व ने अपने वाङ्मय शरीर को पश यन्ती मध्यमा वैखरी-रूप में परिणत करते हुए वाङ्मय प्रपञ्च पर अपना नन्य शासन प्रतिष्ठित कर रक्खा है, वही मौलिक तत्व मौलिकवेद' है। न मौलिक तत्व ने अपने शुक्ल कृष्ण एवं मध्यवर्ति हरित रूपों से न्यामृग को चर्मस्वरूप प्रदान कर रक्खा है, वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' है। न मौलिक तत्व के आधार पर त्रैलोक्यसम्पादक प्रजापति यज्ञसाधनभूत वैदि- यज्ञसम्पत्ति-सम्पादन करने में समर्थ होते हैं, वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' । जो मौलिक तत्व अपने अपर-पर भावों से ११३१ शाखाओं में विभक्त हो हा है वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' है।

अनन्त ब्रह्माण्डों की अनन्त महिमाओं के सम्पादन से बने हुए जिस मौलिक तत्व । ब्रह्मेन्द्र के वरदान से अनुगृहीत भरद्वाज महर्षि को अपने आंशिक स्वरूप से कृतार्थ किया वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्व का ईश्वरीय रणा से ब्रह्मादि-मुनिपर्यन्त आप्त महापुरुषों के अन्तःकरणों में प्रादुर्भाव हुआ वही मौलिक तत्व 'मौलिकवेद' है। अन्तःकरणों में प्रस्फुटित जो मौलिक तत्व (विद्यातत्व) अनादिनिधना सत्या वाक् के द्वारा शब्दरूप से आर्षेयता के

करता हुआ द्यावापृथिवी के परिग्रह का कारण बन रहा है, वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व अपने वितानभाव से बृहत्, वैराज, रैवत—साम्नी में परिणत होता हुआ सूर्यपिण्ड की प्राणात्मना लोकालोक पर्यन्त व्याप्त किए हुए है, वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व अपने वितानभाव से रथन्तर, वैरूप शाक्वर—साम्नों में परिणत होता हुआ भूपिण्ड का प्राणात्मना सूर्यपिण्ड से भी ऊपर तक व्याप्त किए हुए है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है।

जो मौलिक तत्त्व 'स्वयम्भू' नाम से प्रसिद्ध 'आभूप्रजापति' का निःश्वास बनता हुआ 'ब्रह्मनिःश्वसित' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व भावी पुरुषसंस्था के भी विकास का कारण बनता हुआ स्वयं 'अपौरुषेय' बन रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व यज्ञातिरेक से पदब्रह्म बनता हुआ पारमेष्ठ्य मण्डल की प्रतिष्ठा बन 'सुब्रह्म' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व गायत्रछेद में परिणत होता हुआ और गायत्रमण्डल का प्रतिष्ठा बन कर 'गायत्रीमात्रिक' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व सम्वत्सर अयन मास पक्ष अहोरात्र मुहूर्त पलिका, पल श्वास आदि कालावयवों में विभक्त होकर कालब्रह्मस्वरूप का स्वरूपसमर्पक बनता हुआ 'कालब्रह्म' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व अनन्तादि पञ्चपुरमण्डलरूप पार्थिव मण्डलात्मा का स्वरूपसमर्पक बनता हुआ 'यज्ञमात्रिक' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है।

जिस मौलिक तत्त्व से अपनी सदृश (अनन्त) मात्रा से प्रत्येक वस्तु में अपना 'पुरुष' उत्पन्न कर प्रत्येक वस्तु में स्वरूप 'ब्रह्म' उत्पन्न कर प्रत्येक वस्तु में अपना 'अग्नि' भाग उत्पन्न कर ब्रह्मानुग्रहात्मक 'महाब्रह्म' भावानुग्रहात्मक 'महाप्राण', एवं वस्तुसंग्रहात्मक 'पुरुष' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो मौलिक तत्त्व शब्द और, अर्थ भावों के द्वारा दर्शन,

वेदशास्त्र में प्रतिपादित अनन्त विषयों में यदि कोई सब से व्यापक विषय है वह एकमात्र वही 'वेदपदार्थ' है। वेद के, अर्थात् वेदशास्त्र के वेद को, र्थात् वेदपदार्थ को जिसने जान लिया, वही वेद की दृष्टि में 'सर्ववित्' बन या। और जिसने वेद के इस वेद (पदार्थ) को नहीं जाना पूर्वकथनानुसार— स वेद न स वेद' (अर्थात् उसने कुछ नहीं जाना कुछ नहीं जाना)। स शैली से, जिस दृष्टिकोण से वेद का जो स्वरूपविचार आज हम करने चल हैं उसकी उपलब्धि वर्तमान युग में उपलब्ध होने वाले वेदभाष्यों वेदस्वाध्यायों सर्वथा अनुपलब्ध है। और इसी भ्रान्ति के निराकरण के लिए हमें मध्य म में वैसे श्रौत वचनों का दिग्दर्शन कराना पड़ रहा है जिनके आधार पर ीं की शब्दप्रमाणनिष्ठा आर्षवाणि अमुक सीमापर्य्यन्त इस दृष्टिकोण का भी पनी प्रज्ञा के साथ समन्वय करने की चेष्टा कर सके।

दो-दो सौ वर्षों से प्रचलित रूढ़िवादों को ही 'परम्परा' नाम से व्यवहृत रने वाले तत्त्वभूत परम्परानुगामी 'अनर्थात्मक-अर्थों से ही सन्तुष्ट हो जाने ले वैदिक साहित्य के तात्त्विक परिशीलन से सर्वथैव अपरिचित वो महानुभाव रम्परासिद्ध अर्थ ही मान्य है' इस वाक्य का उद्घोष किया करते हैं, उनके म्बन्ध में हम इस सामान्य वक्तव्य में क्या निवेदन करें। इसके लिए तो स्वतन्त्र से लगभग एक लक्ष पृष्ठात्मक साहित्य (उपनिषद्भूमिकारूप से) काशित किया जा चुका है, जिसमें इस वेदतत्त्व का एवं वेदतत्त्व के अपौरुषेयत्व ा ही स्वरूपनिरूपण हुआ है। हमारी ऐसी धारणा है ऐसा दृढ़ विश्वास है कि, दि पारिभाषिक दृष्टिकोण से वैदिक तत्त्व के स्वाध्याय में अनन्य निष्ठा से यहाँ ी प्रज्ञा प्रवृत्त हो जाय, तो चिरकाल से विलुप्तप्राया वेदपरम्परा के तात्त्विक वरूप की ओर अवश्य ही उनका ध्यान आकर्षित हो सकता है। हाँ तो लीजिए हर्षि भरद्वाज के अनन्तवेद की गाथा दो शब्दों में और सुन ली जाय।

सुप्रसिद्ध वेदनिष्ठ महर्षि भरद्वाज ने अपनी वेदस्वाध्यायविषयिणी जिज्ञासा पूरी करने के लिए आयुःप्रवर्त्तक इन्द्रदेव की उपासना की। इन्द्र ने प्रसन्न होकर महर्षि भरद्वाज को १ वर्ष की आयु प्रदान की। अपनी आयु के इन १

सर्वाभ्युदय के लिए प्रवृत्त हुआ वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जो श
शास्त्र जिस मौलिक तत्त्व (विद्यातत्त्व) के प्रतिपादन से 'वेदशास्त्र' नाम से प्र
हुआ वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्त्वप्रतिपादक
अनित्य शब्दात्मक भी वेदशास्त्र स्वतःप्रमाणशास्त्र माना गया वही मौ
तत्त्व 'मौलिकवेद' है। महर्षि कश्यप–वसिष्ठ–भृगु–अङ्गिरा–बृहस्पति–आ
दीन महर्षियों ने अपने तपःपूत जीवन का जिस मौलिक तत्त्व की व्यापक
प्रचार, प्रसार में उपयोग करते हुए अपने आपको धन्य बनाया, वही मौ
तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस मौलिक तत्त्व के तात्त्विक अभिनय से भार
के प्राचीन वैज्ञानिकों ने सूर्यकिरण, इर्म्य लक्ष्य, यज्ञ (वेदकर्म) यो ये
चमस, विमान ग्रह, ज्योति विद्युत आदि आविष्कारों से संसार को चमत्
किया वही मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। यहाँ के मनुष्यों ने जिस मौलिक
के बल से सैनापत्य राष्ट्रस्तर लोकनीति, समाजनीति, नागरिकनीति, राष्ट्री
अर्थनीति धर्मनीति, मोक्षनीति शिल्प कला साहित्य आदि में पारदर्शि
प्राप्त करते हुए अपने आपको 'जगद्गुरु' की उपाधि से विभूषित किया
मौलिक विद्या 'मौलिकवेद' है।

और सर्वान्त में—भारत सम्प्रदायवाद से स्वस्वरूप से आवृत होने वाले जि
मौलिक तत्त्व की विस्मृति से भारतप्रजा ने अपना सर्वस्व वैभव नियति के जि
विपुलोदर में आहुत कर दिया वही विस्मृत मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद'।
जिस विस्मृत मौलिक तत्त्व ने शब्दराशिरूप जिस वेदशास्त्र को केवल पाठ
की वस्तु बना डाला, वही विस्मृत मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस वि
मौलिक तत्त्व की स्मृति के बिना भारतप्रजा का उद्धार असम्भव है वही विस्
मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है। जिस विस्मृत मौलिक तत्त्व की स्मृति के लि
सम्प्रदायवादशून्य विशुद्ध भारतीय का अनुगमन अपेक्षित है वही विस्
मौलिक तत्त्व 'मौलिकवेद' है, जिसके कि कुछ एक स्मृति–बिन्दुओं का अमृत प्रवा
में संक्षेप से दिग्दर्शन कराया जा रहा है। यही हमारे इन विस्मृत, तात्त्वि
मौलिकवेद का अर्थ से इति–पर्यन्त का का संक्षिप्त इतिहास है। इसी इतिवृत्त
सामने रखते हुए हमें मौलिकवेदस्वरूप की मीमांसा में प्रवृत्त होना है।

ईकैकस्मान्मुष्टिमाददे । स होवाच, भरद्वाजेत्यामन्त्र्य । वेदा वा एते । "अनन्ता वै वेदाः" । एतद्वा एतैस्त्रिभिरायुर्भिरन्ववोचथाः, अथ त इतरदनूक्तमेव" । (तै० ब्रा० ३।१०।११) ।

कृतयुग जैसे शान्तयुग के शान्त वातावरण में स्वतः ब्रह्मचर्य का अनुगमन करने वाले तपःपूत मेधावी भरद्वाज जैसे सर्वसमर्थ महर्षि ने निरन्तर तीन सौ वर्ष पर्यन्त वेदस्वाध्याय किया और परिणाम में पर्वताकार अनन्त महावेदों में से मुट्ठी-भर ही वेदज्ञान प्राप्त कर सके उनकी यह लालसा मनी ही रह गई। ऐसी दशा में कलियुग जैसे अशान्तयुग के अशान्त वातावरण में ब्रह्मचर्य, तपः, क्षय, आदि स्वाध्यायपरिपोषक साधनों से एकान्त वञ्चित अल्पायु भाव के द्विजाति के मस्तिष्क में स्वभावतः इस भावना का उद्रेक सहज बन जायगा कि जब कृतयुग में भरद्वाज जैसे महर्षि वेद का पूर्ण ज्ञान प्राप्त न कर सके तो इस घोरयुग में हमारे—जैसे हीनवीर्यों का वेदस्वाध्याय की ओर प्रवृत्त होना ही निरर्थक है। प्रश्न होता है कि जब वेद अनन्त हैं उनका ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता, समस्त आयु लगा कर भी जिनका कणमात्र ही प्राप्त होता है तो ऐसे अनन्त वेद की प्रवृत्ति का आदेश ही श्रुति ने क्यों दिया ?। क्योंकि बिना पूर्णता के किसी भी विषय में आगम प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त अन्य श्रुतियों ने कई स्थलों में कई महर्षियों के लिए जब यह घोषणा की है कि, अमुक महर्षि वेद के पारदर्शी हैं, अमुक वेदवित् हैं अमुक सर्ववित् हैं। तो ऐसी दशा में उक्त तैत्तिरीय श्रुति के—"वेदज्ञान की परिपूर्णता असम्भव है" इस विरोधी सिद्धान्त का समन्वय कैसे किया जाय ?। तत्सम्बन्ध तैत्तिरीय श्रुति का उक्त आख्यान वेदस्वाध्यायप्रवृत्ति की ओर से हमें उदासीन ही बना रहा है। क्या कोई ऐसा भी उपाय है जिसके अनुगमन से हमें यह विश्वास हो जाय कि ऐसा करने से वेद की परिपूर्णता के हम भी अनुगामी बन सकेंगे ?। है और अवश्य है। जो तैत्तिरीय श्रुति प्रवचन पूर्वक से वेदों की अनन्तता का उद्घोष करती हुई हमें एक दृष्टिकोण से निराश कर रही है वही तैत्तिरीय श्रुति अपने उपाख्यान के एक वाक्यविशेष के द्वारा अर्थतः दूर से अनन्त वेद का ग्रहण संभव बतलाती हुई दूसरे दृष्टिकोण से हमें यह आश्वासन दे रही है कि इस उपाय से हम

वर्षों में अनन्त योग से वेदस्वाध्याय किया इस अनुभिप्रज्ञा ने। अन्त में उमर पर भरद्वाज का शरीर सर्वथा जीर्ण-शीर्ण हो गया वृद्धावस्था ने आक्रमण किया भरद्वाज ने परिणामस्वरूप शय्या का आश्रय ग्रहण कर लिया। इस जीर्णावस्था में पड़े हुए अन्तिम समय की प्रतीक्षा कर ही रहे थे कि, एक दिन 'अभिमानिव्यपदेशस्तु विशेषानुगतिभ्याम्' से सम्बन्ध रखने आभिमानिक देवता अपने स्वस्वरूप को लेकर उनके सम्मुख उपस्थित हुए, और इन्द्रदेवता ने भरद्वाज ! से कहा कि भरद्वाज यदि मैं तुम्हें १ वर्ष की आयु और दे दूँ तो इस प्राप्त आयु का उपयोग तुम किस कार्य्य में करोगे ?, वेदस्वाध्यायनिष्ठ भरद्वाज के मुख से निकला कि मैं आपसे प्राप्त इस आयु में भी स्वाध्याय ही करूँगा क्योंकि अभी मेरा वेदतत्त्वज्ञान अपूर्ण है। (मन मन्दहास करते हुए इन्द्र ने भरद्वाज की इस तृष्णा का निराकरण करने के लिए भरद्वाज की दृष्टि के सामने पर्वताकार वेद के तीन ऐसे विशाल स्तूप रक्खे, कि इस दिन से पहिले भरद्वाज ने कभी न देखा था। उन तीनों वेदपर्वतों इन्द्र ने एक एक मुट्ठी भर वेद लिया और भरद्वाज को सम्बोधन कर कहे कि भरद्वाज ! देखते हो मेरी मुट्ठी में क्या है ? ये वेद हैं। भरद्वाज ! अनन्त हैं"। अपनी आयु के मुक्त तीन सौ वर्षों में तुमने इन तीन कितना वेदतत्त्व प्राप्त किया है। अभी यह अनन्त पर्वताकार अनन्त वेद लिए अविज्ञात ही पड़ा हुआ है। इसलिए यह आशा छोड़ दो कि, १० और मिल जाने से मैं सम्पूर्ण वेद का परिज्ञाता बन जाऊँगा।

इस ही 'अनन्ता वै वेदाः' धारणा के माध्यम से वेदेन्द्र निम्न रि रूप से वेद की अनन्तता का समर्थन कर रहे हैं—

"भरद्वाजो ह वै त्रिभिरायुर्भिर्ब्रह्मचर्य्यमुवास। तं ह जी स्थविरं, शयानं इन्द्र उपव्रज्य उवाच। भरद्वाज ! यत्ते च मायुर्दद्यां, किमनेन कुर्य्या इति ? ब्रह्मचर्य्यमेवैनेन च होवाच। तं ह त्रीन् गिरिरूपानविज्ञातानिव दर्शयाञ्चकार।

माधिकार है मस्तकस्थ आदित्य विराट्‌ मस्तक है । पूर्वोक्त सभी देवता उसी प्रकार इस सावित्राग्नि से बद्ध हो रहे हैं जैसे कि एक महावस्त्र में अन्य वस्तु सूत्री से सी दी जाती हो । इसीलिए तो यह सर्वमूर्ति अग्नि 'सावित्र' नाम से प्रसिद्ध हो रहा है । सावित्राग्नि ही तो वास्तविक अग्नि है अग्नि ही तो विश्व है, विश्व ही तो वेद है इस वेदात्मक विश्व के सावित्राग्निरहस्य को जान लेना ही तो वेद का मौलिक स्वरूप जान लेना है । सावित्राग्नि की इसी सर्व-व्याप्ति का स्पष्टीकरण करते हुए इन्द्र भरद्वाज से कह रहे हैं—

१—"एहि ! इमं विद्धि । अयं वै 'सर्वविद्या'–इति । तस्मै हैत मग्निं सावित्रमुवाच । तं स विदित्वा, अमृतो भूत्वा, स्वर्गं लोकमियाय–आदित्यस्य सायुज्यम् । अमृतो हैव भूत्वा स्वर्गं लोकमेति, आदित्यस्य सायुज्य, य एवं वेद ।"

२—"एषा उ त्रयीविद्या । यावन्तं ह वै अनया विद्यया लोकं जयति, तावन्तं लोकं जयति, य एवं वेद" ।

३—"अग्नेर्वा एतानि नामधेयानि । अग्नेरेव सायुज्यं सलोकता माप्नोति, य० । वायोर्वा एतानि नामधेयानि । वायोरेव सायुज्यं सलोकतामाप्नोति, य० । इन्द्रस्य वा एतानि नामधेयानि । इन्द्रस्यैव सायुज्यं सलोकतामाप्नोति, य० । बृहस्पतेर्वा एतानि नामधेयानि । बृहस्पतेरेव सायुज्यं सलोकतामाप्नोति, य० । प्रजापतेर्वा एतानि नामधेयानि । प्रजापतेरेव सायुज्यं सलोकतामाप्नोति, य० । ब्रह्मणो वा एतानि नामधेयानि । ब्रह्मण एव सायुज्यं सलोकता माप्नोति य०" ।

वेदवित् बन सकते हो, अमृतत्व प्राप्त कर सकते हो, सम्पूर्ण विश्व का वैभव प्राप्त कर सकते हो कृतकृत्य बन सकते हो। श्रुति का यही उपाय तैत्तिरीय श्रुति में 'सावित्राग्नि' नाम से प्रसिद्ध हुआ है, जिसके मौलिक स्वरूप-परिचय से आज भी भारतीय अन्वेषकगण सर्वात्मना सन्तुष्ट एवं तृप्त हो गए थे, जिसके कि परिज्ञान से विश्वोपासिक शाश्वत शान्त वेदस्वरूप की परिपूर्णता यथार्थ बन जाती है जिस-कि उक्त स्वरूप भी प्रकृत वेदस्वरूपनिरूपण-प्रकरण का मुख्य लक्ष्य है।

सावित्राग्नि वह अग्नि है, जिसने अपने मर्त्यरूप से जहाँ प्रजापति के मर्त्यभाग पर अपनी प्रभुता स्थापित कर रक्खी है वहाँ अपने अमृतरूप से प्रजापति के अमृतभाग को भी स्वायत्त कर रक्खा है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसने अपने मर्त्यभाग से वेदमूलक प्रवृत्तिलक्षण यज्ञ-तप-दान-कर्मों के द्वारा लौकिक वैभव की रक्षा कर रक्खी है एवं अपने अमृतभाग से वेदमूलक निवृत्तिलक्षण यज्ञ-तप-दान-कर्मों से आत्मवैभव भी सुरक्षित कर रक्खा है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसने अपने ज्योतिर्भाग से विश्वमर्यादा का सञ्चालन करने वाले प्राणदेवताओं का स्वरूप सुरक्षित कर रक्खा है अपने गौभाग से विश्व के पार्थि-मौतिक वर्ग का स्वरूप-सम्पादन कर रक्खा है, एवं अपने आयुर्भाग से चराचर की आत्मप्रतिष्ठा बना हुआ है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसने अपने ऊर्ध्व सदृश अमृतभाग से ब्रह्मनिःश्वसित, एवं ब्रह्मवीर्यवेद को स्वस्वरूप से प्रतिष्ठित कर रक्खा है अपने मानसिक (अमृतमृत्युलक्षण उभयविध) रूप से गायत्रीमात्रिकवेद को स्वस्वरूप से प्रतिष्ठित कर रक्खा है एवं मत्स्यलक्षण अपने मर्त्यभाग से चन्द्रवेद तथा पार्थिव ब्रह्माण्डवेद की स्वरूपरक्षा कर रक्खी है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसने अपने आदित्य से अपने उपासक महर्षि याज्ञवल्क्य को शुक्लयजुर्वेद का वर प्रदान किया है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसने अग्निमयी पृथिवी वायुमय अन्तरिक्ष इन्द्रमय द्युलोक बृहस्पतिमय सूर्यमण्डल प्रजापतिमय परमेष्ठीमण्डल, एवं ब्रह्ममय स्वयम्भूलोक इन ७ को भी स्वरूप-रक्षा करता हुआ उन सप्तलोकविभूति से इस चराचर विश्व में संचालन कर रक्खा है। सावित्राग्नि वह अग्नि है जिसके (चित्याग्नि की भांति) न तो पक्ष हैं न पुच्छ है अपितु पक्ष-पुच्छ समान जिसका उसका मुख अर्थात्

दोनों में परस्पर उपकार्य्य उपकारक सम्बन्ध है। वैदिक भाषापरिभाषा के अनुसार मुख्याधिष्ठातारूप मह को 'प्रतिपत्' कहा जाता है। उपमह इसी में प्रपन्न हैं, मह ही उपमहों की उपक्रमोपसंहारभूमि है अतएव इसे प्रतिपत् कहना अन्वर्थ बनता है। एवं उपमहों को अनुचर कहा जाता है। मह को मूल बनाये उपमह इसी के अनुगत बने रहते हैं अतएव इन्हें 'अनुचर' कहना अन्वर्थ बनता है। इसप्रकार मह इन्द्र, प्रतिपत् आदि नामों से व्यवहृत अधिष्ठाता एवं उपमह अनता, अनुचर आदि नामों से प्रसिद्ध अनुयायी इन दोनों के समन्वित रूप का ही नाम ईश्वर है। यह ईश्वरमर्य्यादा इसी रूप से प्रत्येक धर्म में प्रतिष्ठित आधिभौतिक आध्यात्मिक आधिदैविक, आधियाज्ञिक विज्ञानिक आदि यच्चयावत् विवर्तों में ज्यों की त्यों प्रतिष्ठित है।

एक गृहस्थ परिवार को ही लीजिए। गृहस्थ का वह वृद्धपुरुष जो सम्पूर्ण गृह्य कर्मों का सञ्चालक है जिस के आदेश पर गृहस्थ के अन्य व्यक्ति स्व स्व कर्मों में प्रवृत्त होते हुए इस वृद्धपुरुष के अनुगामी बने रहते हैं—मह है एवं आश्रित पारिवारिक सब व्यक्ति उपमह हैं। वृद्धपुरुष इन्द्र है प्रतिपत् है पारिवारिक व्यक्ति अनता है अनुचर है। जातीय व्यवस्थाओं का निर्णायक पञ्च (चौधरी) मह इन्द्र प्रतिपत् है तदनुगता सम्पूर्ण जाति उपमह, अनता, अनुचर है। ग्रामाध्यक्ष मह, इन्द्र, प्रतिपत् है तदनुगता ग्रामप्रजा उपमह, अनता, अनुचर है। कर्म्मात्मा मह, इन्द्र, प्रतिपत् है तदनुगत शरीर, इन्द्रियाँ मन, बुद्धि सब कुछ उपमह, अनता, अनुचर है। वाक् प्राण चक्षु, श्रोत्र मन बुद्धि शरीर, सब एक एक स्वतन्त्र मह इन्द्र प्रतिपत् हैं एवं विविधभावापन्न शब्दप्रपञ्च प्राणापानव्यान-समानोदानादि प्राणप्रपञ्च विविधभावापन्न रूपप्रपञ्च विविधभावापन्न सत्-असत् शब्दलहरियाँ, काम संकल्प विचिकित्सा सुख दुःखादि मानसप्रपञ्च विद्या, अविद्या धृति, मानस आदि विविध बौद्धप्रपञ्च एवं स्नायवस्थ्यादि पाञ्चभौतिक सब इन महों के क्रमशः उपमह अनता अनुचर हैं।

गुरु महेन्द्र है, शिष्यमण्डली उपमहादि है। नेता महेन्द्र है अनुयायी उपमहादि है। शासक महादि है शासित उपमहादि है। और इस प्रकार मातृ-मेयलक्षण

दोनों में परस्पर उपकार्य, उपकारक सम्बन्ध है। वैदिक भाषापरिभाषा के अनुसार मुख्याधिष्ठातारूप मह को 'प्रतिपत्' कहा जाता है। उपमह इसी में प्रपन्न हैं मह ही उपमहों की उपक्रमोपसंहारभूमि है, अतएव इसे प्रतिपत् कहना अन्वर्थ बनता है। एवं उपमहों को 'अनुचर' कहा जाता है। मह को मूल बना कर ये उपमह इसी के अनुगत बने रहते हैं अतएव इन्हें 'अनुचर' कहना अन्वर्थ बनता है। इसप्रकार मह, इन्द्र प्रतिपत्, आदि नामों से व्यवहृत अधिष्ठाता एवं उपमह जनता अनुचर, आदि नामों से प्रसिद्ध अनुयायी इन दोनों के समन्वित रूप का ही नाम ईश्वर है। यह ईश्वरमर्यादा इसी रूप से ईश्वरीय गर्भ में प्रतिष्ठित आधिभौतिक, आध्यात्मिक आधिदैविक आधियाज्ञिक आधिविनात्मक आदि यच्चयावत् विवर्तों में ज्यों की त्यों प्रतिष्ठित है।

एक गृहस्थ परिवार को ही लीजिए। गृहस्थ का वह वृद्धपुरुष जो सम्पूर्ण गृहकर्मों का सञ्चालक है, जिस के आदेश पर गृहस्थ के अन्य व्यक्ति स्व स्व कर्मों में प्रवृत्त होते हुए इस वृद्धपुरुष के अनुगामी बने रहते हैं—मह है एवं आश्रित पारिवारिक सब व्यक्ति उपमह हैं। वृद्धपुरुष इन्द्र है प्रतिपत् है पारिवारिक व्यक्ति जनता है अनुचर है। जातीय व्यवस्थाओं का निर्णायक पञ्च (चौधरी) मह, इन्द्र प्रतिपत् है तदनुगत सम्पूर्ण जाति उपमह, जनता, अनुचर है। ग्रामाध्यक्ष मह इन्द्र, प्रतिपत् है तदनुगत ग्रामप्रजा उपमह जनता, अनुचर है। कर्मात्मा मह, इन्द्र, प्रतिपत् है तदनुगत शरीर, इन्द्रियाँ, मन बुद्धि सब कुछ उपमह, जनता, अनुचर है। वाक् प्राण चक्षु, श्रोत्र, मन बुद्धि शरीर, सब एक एक स्वतन्त्र मह, इन्द्र, प्रतिपत् हैं एवं विविधभावापन्न शब्दप्रपञ्च प्राणापानव्यान-व्यानोदानादि प्राणप्रपञ्च विविधभावापन्न रूपप्रपञ्च, विविधभावापन्न सत्-असत् शब्दश्रुतियाँ, काम संकल्प विचिकित्सा श्रद्धा इत्यादि मानसप्रपञ्च विद्या अविद्या धृति, मात्सर्य आदि विविध बौद्धप्रपञ्च एवं रसासृङ्मांसादि षट्प्रपञ्च सब इन महों के क्रमशः उपमह, जनता, अनुचर हैं।

गुरु महादि है शिष्यमण्डली उपमहादि है। मित्र महादि है सौम्य उपमहादि है। शास्ता महादि है शासित उपमहादि है। और इस प्रकार भोक्ता-भोग्यभावा

४—"स वा एषोऽग्निः सावित्रः—अपचपुच्छो वायुरेव । तस्य अग्निर्मुखं, असावादित्यः शिरः । स यदेते देवते अन्तरेण, तत्सर्वं सीव्यति । तस्मात् सावित्रः" ।

—तैत्तिरीय ब्राह्मण ३ काण्ड । १०३ प्रपाठक । ११ अनुवाक ।

यह तो हुआ सावित्राग्नि का तत्त्वलक्षण-दृष्टि से सामान्य विचार । अब स्वरूपलक्षण-दृष्टि से भी इस पर दृष्टि डाल लेना प्रासङ्गिक मान लिया जाता है । जिस सावित्राग्नि ने अग्नि-वायु-इन्द्र-बृहस्पति प्रजापति-ब्रह्म-इन्द्र ९ देवताओं को अपने में 'धी' रक्खा है ओतप्रोत कर रक्खा है जो सावित्राग्नि सर्व सर्वविद्यामय बनता हुआ इन ९ ओं वेदसंस्थाओं की प्रतिष्ठा बन रहा है, उस सावित्राग्नि का और उस सावित्राग्नि का—जिसके कि परिज्ञान से मनुष्य की महद् वेदतृष्णा शान्त हो जाती है क्या स्वरूप है ! इसी प्रश्न का यहाँ दो शब्दों में दिग्दर्शन कर लेना है ।

'सावित्राग्नि' शब्द से ही यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि इस अग्नि का और सवितामण्डल का घनिष्ठ सम्बन्ध है सवितामण्डल के सम्बन्ध से ही यह अग्नि 'सावित्र' कहलाया है । अतएव इसके स्वरूप के लिए हमें पहिले तदभिन्न रूप 'सवितामण्डल' का ही विचार करना पड़ेगा । एवं इसके लिए 'ग्रहोपग्रह-विज्ञान' का आश्रय लेना पड़ेगा । जो वस्तुपिण्ड अपने अनुगामियों को साथ लेकर स्वतन्त्ररूप से प्रतिष्ठित रहता है उसे तो 'ग्रह' कहा जाता है एवं इस ग्रह के ही प्रवर्ग्यांशों से उत्पन्न इस ग्रह से नित्य युक्त ग्रहानुयायी 'उपग्रह' (ग्रह समीप अनुवर्ती ग्रह) नाम से प्रसिद्ध है । ग्रह सदा एक होता है उपग्रह अनेक होते हैं । वैदिक विज्ञानपरिभाषा के अनुसार कुम्भाधिष्ठातारूप ग्रह को 'इन्द्र' कहा जाता है एवं तदनुवर्ती उपग्रहों को 'जनता' कहा जाता है । 'एकैको जनतायामिन्द्रः' (ऐ० ब्रा० ३।७।६।२।) इस निगमवचन के अनुसार उपग्रहरूप जनता ([illegible]) में अवश्य ही एक एक ग्रहरूप इन्द्र हुआ करता है । बिना इन्द्र के जनता अप्रतिष्ठित है, बिना जनता के इन्द्र अप्रतिष्ठि

यह महोमयप्रसर्यांश न केवल मानवसमाज में ही, अपितु घर-घर सर्वत्र है। मधुमक्खियाँ वहाँ उपमह है मधुकरराजा वहाँ मह है। इसी प्रकार पशु-कृमि-कीट-ओषधि-वनस्पति-पर्वत नद-नदी-नक्षत्र आदि सर्वत्र सब वर्ग (मनवबलियों) में आप एक एक इन्द्र (मुख्याधिष्ठाता) का साम्राज्य देखें। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि, यह इन्द्र जनता से कोई पृथक विशेष नहीं है। अपितु जनता का ही वह एक भाग जोकि स्वक्षत्र-वीर्य-पराक्रम उत्पन्न बना रहता है, इन्द्र बन जाया करता है। इन्द्र क्या बन जाया करता, स्वयं जनता ही उसे नतमस्तक होकर इन्द्र मान लेती है। किं का राज्याभिषेक किया है ?, अपितु वह अपने वीर्य से स्वयमेव अपने आपको का इन्द्र मनवा लिया करता है। सभी आत्मवीर्यविकास से इन्द्र बन सकते सभी का ऐन्द्रपद वीर्यपात से जनता के रूप में परिणत हो सकता है। सभी इन्द्र (मोक्ता-अन्नाद) हैं सभी जनता (भोग्य-अन्न) हैं।

विश्वप्रवर्त्तक किंवा सर्वप्रवर्त्तक मौलिक तत्त्व ही 'मौलिकवेद' है यह मौ वेद के इतिवृत्त से गतार्थ है। अब इस सम्बन्ध में हमें यह विचार करना है किस मौलिक वेद से विश्व का उद्गम हुआ है उस विश्व का तो क्या स्वरूप तत्प्रवर्त्तक मौलिकवेद की अनन्तता का क्या स्वरूप है ? एवं यह अनन्त सावित्राग्नि के द्वारा कैसे सादि-सान्त बनता हुआ बुद्धिमाह्य बन जाता है सावित्राग्नि का महोत्पादविज्ञान से क्या सम्बन्ध है ? एवं स्वयं सावित्राग्नि मौलिक स्वरूप क्या है ?। इन प्रश्नों के समाधान के लिए तो स्वतन्त्र स्वाध्याय ही अपेक्षित है। अभी केवल प्रतिज्ञा और अनुचर इन दो शब्दों दो शब्दों में व्याख्या और आपके सामने रख कर पुनः वेद के स्वरूप-विचार ओर आपने आत्माओं का ध्यान आकर्षित करेंगे।

प्रतिशापित ब्रह्म-विश्वविज्ञान के अवलोकन से श्रोता इस निष्कर्ष पहुँचेंगे कि, सर्वबलविशिष्ट-रसमूर्ति 'परात्पर' ही अनन्त ब्रह्म है। इस अन असीम विश्वातीत परात्परब्रह्म के गर्भ में सीमाभाव-सम्पादक अनन्त (असं मायाबल अपनी व्याप्त, अव्यक्त अवस्थाओं से क्रीड़ा किया करते हैं। मर्

मय कैसे समन्वित हो गया ? इसका समाधान करते हुए वेद ने यह तत्त्ववाद सामने रक्खा कि 'वर्षा ऋतु में सभी ऋतुओं का समावेश है'। जब ऊष्मा अर्थात् (ऊमस) बढ़ती है तो वर्षा में प्रत्यक्ष ग्रीष्म का गर्मी का ताप का अनुभव होता है। और वृष्टि के कारण वर्षा के शान्त हो जाने पर शीत-ऋतु का अनुभव होने लगता है। साधारण वृष्टि के अनन्तर शरद् भी छा जाती है। वृष्टि का आरम्भकाल वसन्त का द्योतक बन जाता है। कहना न होगा कि, इसप्रकार केवल वर्षा-ऋतु सब ऋतुओं की अधिष्ठात्री बन जाती है। यही कारण है कि सम्वत्सरात्मक वर्ष शब्द इस एकमात्र वर्षा के साथ युक्त हो गया है। अपिच अन्नोत्पत्ति ही वर्ष की (सम्वत्सर की) प्रतिष्ठा है। जिस वर्ष अन्न नहीं होता, वह वर्ष अकाल किंवा दुष्काल से लाञ्छित है। इधर—

आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥
—मनु

इत्यादि मानवीय सिद्धान्त के अनुसार वर्षा ही अन्न की अधिष्ठात्री है। इस प्रकार अन्न की अधिष्ठात्री बनती हुई भी वर्षा-ऋतु वर्ष भर की अधिष्ठात्री बन जाती है। इसी विज्ञान को लक्ष्य में रख कर—शतपथीय श्रुति ने कहा है—

वर्षा ह वै सर्व ऋतवः। अथ-अदो वर्षमभूत्, अदो वर्षमभूत्, इति हि सम्वत्सरान् सम्पश्यन्ति। वर्षा ह त्वेव सर्वेषामृतूनां रूपम्। उत हि तद्वर्षासु भवति-यद् ग्रीष्म इव वाऽमय इति। वर्षादिद्वर्षाः। अथैतदप परोक्षं रूपं-यदेव पुरस्ताद् वाति-तद् वसन्तस्य रूपम्। यत् स्तनयति-तद् ग्रीष्मस्य। यद् वर्षति-तद् वर्षायाः। यद् विद्योतते-तच्छरदः। यद् वृष्ट्वोद्गृह्णाति तद्-हेमन्तस्य। वर्षा हि सर्व ऋतवः। ऋतून् प्राविशन्।

—[illegible]

के रासायनिक सम्मिश्रण की प्रवर्ग्य प्रक्रिया ही यज्ञ है। रासायनिक संयोग में पदार्थ भोक्ता होता है एवं दूसरा पदार्थ भोग्य। भोग्य पदार्थ 'अन्न' नाम से व्यवहृत होता है एवं भोक्ता पदार्थ अन्नाद अर्थात् (अन्न खाने वाला) नाम से प्रसिद्ध है। प्रकृतिमण्डल को देखिये। अग्नि भोक्ता है, सोम भोग्य। ये दोनों ही तत्त्व ऋत-सत्य भेद से दो-दो भागों में विभक्त हैं। 'स सशरीरं सत्यम्' इस लक्षण के अनुसार जिस वस्तु में केन्द्र एवं पिण्ड, भाव समन्वित रहते हैं वही 'सत्य' कहलाता है। 'अहृदयं अशरीरं च' इस लक्षण के अनुसार जिसमें न कोई केन्द्र हो जिसका न अपना कोई पिण्ड, वही 'ऋत' पदार्थ कहलाता है। सूर्य सत्याग्नि है। क्योंकि सूर्यपिण्ड इस के का शरीर है सूर्य अपना स्वतन्त्र हृदय भी रखता है। चन्द्रमा सत्य सोम है। दक्षिणस्थ वायव्याग्नि ऋताग्नि है। उत्तरस्थ दिक्सोम ऋत सोम है। दक्षि ऋताग्नि में उत्तरस्थ ऋतसोम की आहुति के तारतम्य से वसन्त-ग्रीष्म-वर्षा-हेमन्त-शिशिर-इन ६ ऋतुओं का स्वरूप निष्पन्न हुआ है।

'यस्मिन् काले अग्निकणाः पदार्थेषु वसन्तो (निवसन्तो) भवन्ति व्युत्पत्ति से अग्निवृद्धि की प्राथमिक अवस्था वसन्त नाम से व्यवहृत हुई सूर्य के दर्शपूर्णमासवश से इन दिनों भूमण्डल पर 'मधु' रस की वृद्धि है। 'मधु' रस है। आनन्द है। आनन्दकला अव्ययनाम से प्रसिद्ध पुरु की प्रधान कला है। अतएव यह माधव मास (वैशाख) पुरुषोत्तम मा कहलाया है। मधु सम्बन्ध से ही वसन्तात्मक चैत्र वैशाख मास मधु माधव से व्यवहृत हुए हैं। 'अतिशयेन (अधिकमात्रया) यस्मिन् अग्निकणाः पदार्थान् गृह्णन्ति' इस व्युत्पत्ति से अग्नि की युवावस्था कहलाती है। 'अतिशयेन ऊरु-भवति यस्मिन् काले अग्निकणाः' निर्वचन से अग्निवृद्धि का चरमकाल ही 'वर्षा' कहलाता है। पाणिनीय व्या के अनुसार 'ऊरु' को 'वर्' आदेश हो जाता है, अतएव 'ऊरु' शब्द रूप में परिणत हो गया है। बड़ा ही चमत्कार पूर्ण है यह 'वर्षा' शब्द। मास पूरे सम्वत्सर का है। यही मास इस मासिक अर्थात् वर्षा ऋतु का है। क्यों (। सम्पूर्ण वर्ष से सम्बन्ध रखने वाला 'वर्षा' शब्द केवल वर्षाऋतु

—'अग्निर्भूस्थानः, वायुर्वेन्द्रोऽन्तरिक्षस्थानः सूर्य्यो द्युस्थानः' इस नैरुक्त सिद्धान्त के अनुसार (भू अं द्यु) पृथिव्यादि यज्ञ की वेदि है। यहीं पर यज्ञमात्रिक वेद प्रतिष्ठित है। इस यज्ञमात्रिक वेद के छन्दोवेद वितानवेद–रसवेद–भेद से तीन विवर्त हैं। छन्दोवेद ऋग्वेद है। वितानवेद सामवेद है। एवं रसवेद यजुर्वेद है। छन्दोमय ऋग्वेद पुनः ऋक्–साम–यजु –भेद से तीन भागों में विभक्त है। एवमेव रसात्मक यजुर्वेद भी ऋक्–यजु–साम भेद से तीन भागों में विभक्त है। एवमेव वितानात्मक सामवेद भी ऋक्–यजु–साम–इन अवान्तर भेदों से तीन भागों में विभक्त है। इनमें सर्वप्रथम ऋक्–यजु–साममय ऋग्वेद को ही लक्ष्य बनाइए।

पिण्डवेद ही छन्दोवेद कहलाया गया है। इसी को ऋग्वेद कहा गया है। मूर्तिपिण्ड ऋग्वेद है। इसमें विष्कम्भ परिणाह, एवं विष्कम्भ परिणाह से युक्त वस्तु ये तीन विभाग उत्पन्न हैं। जिसे ज्योतिषशास्त्र व्यास कहता है वही 'मण्डलाम्बष्ठा' नाम से प्रसिद्ध वेदभाषा में विष्कम्भ है जो कि सम्प्रति प्राय की भाषा में 'डायमिटर' नाम से प्रसिद्ध है। आयाम–अर्थात् (लम्बाई), उच्छ्रेय–अर्थात् (ऊँचाई) घनता–अर्थात् (मुटाई) पीवता–अर्थात् (चौड़ाई) ये सब विष्कम्भ के धर्म हैं। वस्तुपिण्ड का परिणाह–अर्थात् चारों ओर का घेरा उस पिण्ड का 'साम' है। घेरे पर–परिणाह पर–वस्तुसीमा समाप्त हो जाती है। अत एव अवश्य ही परिणाह को साम नाम से व्यवहृत कर सकते हैं। वस्तुपिण्ड के व्यास को यदि त्रिगुणित कर दिया जाय है त्रिगुना कर लिया जाता है तो वह व्यासत्रिगुण वस्तु का परिणाह अर्थात् चारों ओर का घेरा बन जाया करता है। वस्तुपिण्ड का परिमण्डल (चारों ओर का घेरा) उस वस्तुपिण्ड के व्यास से त्रिगुणित होता है यह निश्चित सिद्धान्त है। व्यास ऋक् है–वही त्रिगुणित बन कर परिणाहस्वरूप सामरूप में परिणत हो जाता है। इसी आधार पर साम का 'त्रिवृत् साम' (तीन ऋचाओं का अर्थात् तीन व्यासों का एक साम–एक परिणाह) यह लक्षण हुआ है। यही अवस्था सामवेद की है। जितने समय में एक ऋङ्मन्त्र का उच्चारण होता है यदि उससे त्रिगुणित समय लगा कर उसी ऋङ्मन्त्र का उच्चारण किया जाता है तो पद्यरूप से गीतिभाव में परिणत होती हुई वही ऋक्

इसप्रकार वसन्त—ग्रीष्म—वर्षा—इन तीन ऋतुओं में अग्नि की क्रमशः—बा
युवा-वृद्ध इन तीन अवस्थाओं का उपभोग हो रहा है। तीनों ऋतु अग्नि-ऋतुएँ हैं
देवता आग्नेय-प्राणप्रधान हैं। अतएव 'वसन्तो ग्रीष्मो वर्षाः' के अनुसार इ
को देवता मान लिया गया है। ये ही 'देव-ऋतु' नाम से प्रसिद्ध हैं। आषा
शुक्ल एकादशी देवता—तत्त्व के निद्रा की उपक्रमभूमि है। वर्षा के अन
अग्निकण शीर्ण होने लगते हैं। अतएव 'यस्मिन् काले अग्निकणा शी
भवन्ति' इस व्युत्पत्ति के अनुसार यह काल 'शरत्' नाम से प्रसिद्ध हुआ है
आगे जाकर अग्निकण और भी शीर्ण हो जाते हैं। सर्वथैव हीनभाव को प्राप्त
जाते हैं। अतएव 'यस्मिन् काले अग्निकणा हीनत्वं गता भवन्ति'
व्युत्पत्ति से यह काल 'हेमन्त' कहलाया है। अग्नि के सर्वात्मना क्षीण हो जाने
आगे का काल 'पुनः पुनरतिशयेन वा शीर्णा भवन्ति अग्निकणा यस्मि
